एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

द जोया फैक्टर: दिखी सोनम-दिलकेर की हॉट केमिस्ट्री

सोनम कपूर और दिलकेर सलमान की अपकमिंग फिल्म द जोया फैक्टर का नया गाना रिलीज हो गया है। इस रोमांटिक ट्रैक का टाइटल माहेरू है जिसमें दोनों ऐक्टर्स की खूबसूरत लव स्टोरी नजर आ रही है। इस गाने में पूरा फोकस सोनम और दिलकेर की केमिस्ट्री पर ही है जो अंत तक और हॉट हो जाती है। दोनों एक-दूसरे को बेहतरीन ढंग से कॉम्प्लिमेंट कर रहे हैं। गाने की शुरुआत में दिलकेर का क्लोजअप शॉट है जिसमें उनके ऐब्स नजर आ रहे हैं। बता दें, डायरेक्टर अभिषेक शर्मा की यह फिल्म अनुजा चौहान के नॉवेल पर बेस्ड है। बीते दिनों पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने भी ट्वीट कर बताया था कि उन्होंने फिल्म का ट्रेलर देखा। उन्होंने फिल्म के लिए सोनम कपूर और दिलकेर सलमान को बधाई दी थी।

इंशाअल्लाह नहीं बल्कि भंसाली की गंगूबाई में दिखेंगी आलिया भट्ट?

पिछले काफी समय से संजय लीला भंसाली की फिल्म इंशाअल्लाह चर्चा में रही थी। इस फिल्म में उन्होंने सलमान खान और आलिया भट्ट को कास्ट किया था लेकिन किसी वजह से यह फिल्म बनने से पहली बंद हो गई। बताया जा रहा है कि अब भंसाली इस फिल्म को सलमान के बजाय किसी और ऐक्टर के साथ बना सकते हैं।

अब हालिया रिपोर्ट्स की मानें तो भंसाली एक और फिल्म के लिए आलिया भट्ट से बात कर रहे हैं जिसका नाम गंगूबाई बताया जा रहा है। इस फिल्म के लिए भंसाली ने पहले प्रियंका चोपड़ा से बात की थी लेकिन उनके पास डेट्स नहीं होने के कारण वह इस फिल्म को नहीं कर सकी थीं। अब इस फिल्म पर भंसाली आलिया के साथ काम कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि पिछले कुछ दिनों में आलिया ने भंसाली के ऑफिस के कई चक्कर भी लगाए हैं और दोनों एक नई फिल्म में काम किए जाने की बातचीत कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि फिल्म की कहानी मुंबई के कमाठीपुरा इलाके में कोठा चलाने वाली एक महिला के ऊपर आधारित होगी। यह भी बताया जा रहा है कि यह फिल्म एस हुसैन जैदी की लिखी किताब माफिया क्वीन्स ऑफ मुंबई के एक चैप्टर पर आधारित होगी।

सेक्स क्लीनिक जाना कोई शर्म की बात नहीं: राजकुमार राव

हाल मेंराजकुमार राव की आने वाली फिल्म मेड इन चाइना का ट्रेलर लॉन्च कर दिया गया है। फिल्म में उनके साथ मौनी रॉय, परेश रावल और बमन इरानी जैसे कलाकार मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म में राजकुमार एक जुगाड़ू गुजराती बिजनसमैन का रोल निभा रहे हैं। इस मौके पर राजकुमार राव ने अपनी पुरानी यादों को शेयर करते हुए बताया कि वह अक्सर फिल्म देखने के लिए दोस्तों के साथ स्कूल बंक किया करते थे।

फिल्म के प्रड्यूसर दिनेश विजान ने बताया कि जब वे स्त्री बना रहे थे तभी राजकुमार राव को इस फिल्म के लिए कास्ट किया गया था। इस फिल्म में गुजराती व्यापारी रोल के लिए राजकुमार राव को काफी अपना वजन बढ़ाना था। फिल्म में राजकुमार राव को एक सेक्सवर्धक दवा बेचते हुए दिखाया गया है। फिल्म की रिसर्च करने के लिए राइटर करण व्यास मरीज बनकर सेक्स क्लीनिकों में गए थे। जब राजकुमार से यह पूछा गया कि क्या वह कभी सेक्स क्लीनिक गए हैं तो इसके जवाब में उन्होंने कहा, नहीं, मैं अभी तक किसी सेक्स क्लीनिक में नहीं गया हूं लेकिन अगर मुझे जाना भी पड़ा तो इसमें कोई शर्म की बात नहीं है। इसे टैबू की तरह ट्रीट नहीं किया जाना चाहिए। पिछले कुछ सालों में बॉलिवुड की कई फिल्में चीन में काफी सफल रही हैं। इस बारे में पूछे जाने पर फिल्म के प्रड्यूसर दिनेश ने कहा, चीन जैसे अप्रत्याशित मार्केट में शायद भारतीय फिल्में इसलिए सफल हैं क्योंकि इनकी थीम दोनों देशों के लिए समान है। यह फिल्म भी ऑडियंस को पसंद आनी चाहिए। प्रड्यूसर ने यह भी कहा कि इस फिल्म में राजकुमार का किरदार अब तक के निभाए उनके सभी किरदारों में सबसे अच्छा है।